दैनिक भास्कर 15-12-2024

छात्रों को उद्यमी यात्रा में विचार करने के लिए किया जागरूक

अम्बाला | कार्यक्रम के दौरान मौजूदछात्रों को जानकारी देते वक्ता।

भास्कर न्यूज | अम्बाला

कैंट जीएमएन कॉलेज में प्रबंधन विभाग के सहयोग से आईडीसी ने फिट इंडिया सप्ताह 2024 के तहत एक उद्यमिता निर्माण गतिविधि कराई। जिसकी शुरुआत आईडीसी संयोजक प्रो. नीलम ने की, जहां उन्होंने छात्रों को पारंपरिक प्रथाओं जैसे एप के विकास, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और वर्चुअल योग सत्र के साथ प्रौद्योगिकी के संयोजन के बारे में रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं सत्र का उद्देश्य छात्रों को यह दिखाना था कि कैसे इन प्रथाओं को बेहतर शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए उनके दैनिक दिनचर्या में शामिल किया जा सकता है। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार ने छात्रों को उद्यमी यात्रा में विचार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 90 छात्रों ने भाग लिया। मौके पर डॉ. अमीता सहित शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक विभाग के सदस्य शामिल रहे।